# 510 स्काउट गाइड्स को राज्य पुरस्कार अवार्ड मिला

**झुंझुनूं**, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र जगतपुरा जयपुर में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन महामहिम राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े के मुख्य आतिथ्य एवं राजस्थान सरकार के राज्य मंत्री ओटाराम देवासी की अध्यक्षता तथा स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य के विशिष्ट आतिथ्य में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस कार्यक्रम में झुंझुनूं जिले के कानोडिया कॉलेज मुकुंदगढ़ के रोवर अंकित कुमार, एसएनएमटी गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज झुंझुनूं की रेंजर प्रगति शर्मा, जीपीएस पोदार स्कूल नवलगढ़ के जयंत, जतिन स्वामी, दिग्विजय सिंह शेखावत, यश जांगिड़ तथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सुलताना की गाइड कोमल कंवर,चीनू सैनी को राज्य पुरस्कार अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया तथा स्काउट गाइड के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया को मैडल ऑफ मेरिट अवार्ड से सम्मानित किया। राज्य स्तरीय पुरस्कार सम्मान समारोह में जिले से गाइड कैप्टन अनिता कटेवा एवं स्काउट प्रभारी रौनक वर्मा के नेतृत्व में स्काउट गाइड, रोवर्स रेंजर्स ने सहभागिता की।

सीओ कालावत ने बताया कि जिले के 271 स्काउट, 167 गाइड्स, 44 रोवर्स, 28 रेंजर्स इस प्रकार कुल 510 स्काउट गाइड, रोवर रेंजर को राज्य पुरस्कार अवार्ड से राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षिरत प्रशस्ति पत्र जारी किए गए। सभी के प्रशस्ति पत्र जिला कार्यालय में उपलब्ध हो चुके हैं। संबंधित विद्यालयों के प्रभारी अधिकारी कार्यालय समय में राज्य पुरस्कार अवार्ड प्राप्त कर सकते हैं। जिले की इस विशिष्ट उपलब्धि पर जिला मुख्य आयुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा, स्काउट जिला अध्यक्ष गंगाधर सिंह सुंडा, जिला कमिश्नर रोवर सहित अनेक पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।

# खाटूश्यामजी फाल्गुन लक्खी मेला 21 से 28 फरवरी तक

■ संभागीय आयुक्त पूनम ने मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली

**सीकर**, (निसं)। बाबा खाटूश्याम का फाल्गुन लक्खी मेला 21 फरवरी से शुरू हो रहा है। फाल्गुन लक्खी मेला 21 से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा। मंगलवार को वार्षिक फाल्गुन लक्खी मेले की तैयारी और व्यवस्थाओं को लेकर संभागीय आयुक्त जयपुर पूनम, जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक ने मेले की व्यवस्थाओं से जुडे संबंधित विभागीय अधिकारियों की खाटूश्यामजी में थाना परिसर में बैठक ली। संभागीय आयुक्त पूनम ने कहा कि बाबा श्याम के लक्खी मेले में आने वाले श्याम भक्तों को सुगमतापूर्वक दर्शन हो, इसके लिए सम्पूर्ण व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।

**ये व्यवस्था रहेगी:-** 250 वायरलेस सेट 44 डिजिटल स्क्रीन एवं श्याम सारथी ऐप द्वारा मेले की समग्र मॉनिटरिंग की जाएगी श्याम सारथी पोर्टल पर पार्किंग, मेडिकल कैंप, ऑनलाइन रूट दर्शन व्यवस्था सहित भंडारों एवं वाहनों सहित विभिन्न प्रकार के पास की अनुमति इसी ऐप के माध्यम से दी जाएगी मेला एरिया में लगने वाली सभी डिजिटल स्क्रीन पर पार्किंग व्यवस्था, मेला दर्शन व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण अनाउंसमेंट किए जाएंगे। मेले के दौरान प्राइवेट बसों का किराया निर्धारित किया जाएगा, इसके बाद उसी के अनुसार बस चालक किराया लेंगे। मेला अवधि के दौरान कुल 300 रोडवेज का संचालन किया जाएगा, जिनमें से 50 रोडवेज का संचालन रींगस से खाटू रोड पर किया जाएगा। मेले के दौरान कुल 14 मेडिकल बूथ स्थापित किये जायेंगे, जहां श्रृद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी, साथ ही 8 बाइक एंबुलेंस सहित कुल 31 एंबुलेंस मेला मेला अवधि में तैनात रहेगी। श्रृद्धालुओं के पेयजल सुविधा के लिए एक करोड पानी के पाउच एवं 25 पानी की टंकियां सहित पानी के टैंकर की व्यवस्था की जाएगी।

दुकानों एवं भंडारों में एक्सपायरी डेट का सामान बेचने और खिलाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस बार सांवलपुरा पार्किंग का विस्तार किया गया है, जहां अतिरिक्त वाहनों की पार्किंग की जा सकेगी। मेला परिसर को 9 सेक्टर में बांटा जाकर बुधवार से ही 4000 के करीब जवानों को तैनात किया जाएगा। मेले से संबंधित सभी तरह की अनुमतियां देने एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए श्याम सारथी के नाम से पोर्टल विकसित किया गया है, जिस पर सभी तरह की अनुमतियों के अप्रूवल ऑनलाइन दिए जाएंगे तथा इसी के माध्यम से मेले की समग्र मॉनिटरिंग की जाएगी।

मंदिर एवं मेला परिसर में कुल 44 डिजिटल स्क्रीन्स लगाई जाएगी, जिसके माध्यम से मेले से संबंधित सभी तरह की जानकारियां इन डिजिटल स्क्रीन्स पर साझा की जाएगी। खाटू श्याम जी को जोडने वाली सभी अप्रोच सड़क पर क्यूआर कोड स्कैनर्स लगाए जाएंगे, जिनको स्कैन कर संबंधित रूट से आने वाले भक्तगण पार्किंग स्थल की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। मेला अवधि के दौरान श्याम कुंड पूर्णतया बंद रहेगा, मेला अवधि में डीजे पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा।

मेले में इस बार सरकारी प्रोटोकॉल वाले वीआईपी लोगों को छोड़कर सभी के लिए वीआईपी दर्शन व्यवस्था पूर्णतया बंद रहेगी। खाटू पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुगम परिवहन कराने के लिए इस बार क्यूआर कोड जारी किया जाएगा। श्रृद्धालु यह क्यूआर कोड स्कैन कर पार्किंग स्थल तक आसानी से पहुंच सकेंगे और सुगमता से बाबा श्याम के दीदार कर सकेंगे। मंडा मोड एवं रींगस के खाटू मोड़ से मंदिर तकवाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

बैठक में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, रसद विभाग को मिलावटी भोजन एवं समयावधिपार खाद्य पदार्थ के सैंपल लेकर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र में आने वाली नालियों की साफ-सफाई करने, विद्युत के झूलते हुए तारों को सही करने, सड़कों को दुरुस्त करवाने, साफ-सफाई के लिए अतिरिक्त कचरा पात्र एवं कचरा को एकत्रित करने के लिए अतिरिक्त ऑटो टीपर लगाने के निर्देश दिए। मंदिर परिसर में महिला होमगार्ड एवं सिविल डिफेंस के वालियंटर लगाने, मंडा मार्ग पर पैदल श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए लाइटिंग की व्यवस्था करने, जयपुर-खाटू राष्ट्रीय राजमार्ग पर डेडीकेटेड पैदल पथ को सही ढंग से तैयार करने, ई-रिक्शा चालकों के लिए अलग-अलग जोन बनाए जाएंगे और उनके सीमित संख्या में पासजारी किये जायेंगे तथा बिना पास वाले ई-रिक्शा कोजप्त करने के साथ ही सीज करने की कार्यवाही की जायेगी। जिला कलेक्टर शर्मा ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को प्रमुख प्वाइंट चिन्हित कर बैरिकेडिंग करने, फ्लेक्सी पर्दे और सुगम कतार प्रणाली लागू करने, 4 कंट्रोल रूम स्थापित किए जाने, बिजली व फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र अनिवार्य करने, लामियां पीएचसी सहित आसपास के क्षेत्र के निजी व सरकारी अस्पताल को अलर्ट रखने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ तेजपाल सिंह, एडीएम सिटी भावना शर्मा, नीमकाथाना अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ शाख, रींगस एडिशनल एसपी दीपक गर्ग, रींगस एसडीएम बृजेश गुप्ता, दांतारामगढ़ एसडीएम एवं मेला मजिस्ट्रेट मोनिका सामोर, सहायक मेला मजिस्ट्रेट महिपाल सिंह राजावत, खाटू थाना अधिकारी पवन चौबे, श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह, मैनेजर संतोष शर्मा सहित बैठक से जुडे संबंधित विभागों के जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी, मंदिर कमेटी एवं व्यापार संघ के पदाधिकारी, मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना से हनुमानगढ़ को विकास की सौगात

**हनुमानगढ़**, (निसं)। राज्य सरकार की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के तहत जिले में आधारभूत ढांचे और जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए 1556.26 लाख रुपये की लागत से 15 महत्वपूर्ण विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

योजना का उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में मौजूद इंफ्रास्ट्रक्चर गैप की पहचान कर उन्हें दूर करना और संतुलित व समग्र विकास सुनिश्चित करना है। इन कार्यों के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव की अध्यक्षता वाली जिला मिशन टीम के पास है, जो प्राथमिकताओं के आधार पर परियोजनाओं की मॉनिटरिंग और प्रगति सुनिश्चित करेगी। जिला परिषद सीईओओपी बिश्नोई के मुताबिक योजना के अंतर्गत उपखंड मुख्यालय नोहर में 500 लाख रुपये से 10 हजार वर्गमीटर का आधुनिक कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा, जबकि हनुमानगढ़ कलेक्ट्रेट परिसर में 250 लाख रुपये से मिनी ऑडिटोरियम का निर्माण होगा।

खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए राजीव गांधी स्टेडियम में 160 लाख रुपये से इंडोर हॉल व मल्टीपर्पज शेड, रावतसर के पीएमश्री विद्यालय में 70 लाख रुपये से इंडोर स्टेडियम, जिला क्लब में 70 लाख रुपये से मल्टीपर्पज शेड व चेंजिंग रूम तथा टिब्बी स्थित महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 30 लाख रुपये से रनिंग ट्रैक, कोर्ट और लाइटिंग व्यवस्था विकसित की जाएगी।

कृषि क्षेत्र में मंडियों की सुविधाएं मजबूत करने हेतु पीलीबंगा मंडी में 109.24 लाख और भादरा मंडी में 99.90 लाख रुपये के कार्य होंगे। टिब्बी की तलवाड़ा कृषि उपज मंडी समिति सबयार्ड में 67 लाख रुपये की लागत से कॉमन ऑक्शन प्लेटफॉर्म का निर्माण होगा। जिला प्रयोगशाला में 84.62 लाख रुपये से हैवी मेटल जांच के लिए एटॉमिक एब्जॉर्प्शन यूनिट स्थापित की जाएगी, जिससे जांच क्षमता और गुणवत्ता नियंत्रण में सुधार होगा। इसके अतिरिक्त जंक्शन स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में 50 लाख रुपये से शेड निर्माण, पीलीबंगा के गांधी स्टेडियम में 25 लाख रुपये से ट्रैक संबंधित कार्य तथा पीलीबंगा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 20 लाख रुपये से खेल सुविधाओं हैडबॉल और वॉलीबॉल कोर्ट का विस्तार किया जाएगा।

हनुमानगढ कृषि उपज मंडी समिति में 10.50 लाख रुपये से आधुनिक सामान्य सुविधाएं व शौचालय ब्लॉक तैयार किए जाएंगे। उद्यिमता प्रोत्साहन के लिए एमएसएमई केंद्र को 10 लाख रुपये से हनुमानगढ़ एंटरप्रेन्योरशिप फैसिलिटेशन सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां युवाओं और उद्यिमयों को सरकारी योजनाओं की जानकारी, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने, ऋण आवेदन प्रक्रिया तथा प्रशिक्षण व सेमिनार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।


| | राजस्थान राजपत्र विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary |
|---|---|---|
| | साधिकार प्रकाशित | Published by Authority |

माघ 17, शुक्रवार, शाके 1947 फरवरी 06, 2026
Magha 17, Friday, Saka 1947- February 06, 2026

भाग-1 (ख)
महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।
सार्वजनिक निर्माण विभाग
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 05, 2026
(अतंर्गत भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियन 2013 की पारा 4(1)

Rajkaj Ref No.: 20330968: राजस्थान के राज्यपाल द्वारा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 के तहत् राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधान अनुसार एवं राजस्थान सरकार के राजस्व (ग्रुप-6) विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 1(150) राज-6/2016/02 दिनांक 27/01/2017 के निर्देशानुसार स्वीकृत सड़क कार्य Taranagar to Bain Via Changoi Road Km. 8/500 to 13/475,13/720 to 21/0 विकसित किये जाने के प्रयोजन से जिला चूरू की तहसील तारानगर में निम्नानुसार प्रभावित गांव में भूमि अर्जन प्रस्तावित है:-

| क्रम संख्या | जिला | तहसील | राजस्व-ग्राम/नगर का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | चूरू | तारानगर | चंगोई, पैंड्राउताल, श्योपुरा, बनडा, बांय |

परियोजना हेतु नियमानुसार सामाजिक समाधात निर्धारण हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सामाजिक आर्थिक विकास समिति, अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड तारानगर (राजस्थान) एजेंसी का चयन किया गया है।
उपर्युक्त चयनित संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित गांवों में सामाजिक समाधात निर्धारण राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधानानुसार किया जायेगा। सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी

1. संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित व्यक्तियों का विवरण तैयार कर सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रारूप रिपोर्ट तैयार की जायेगी।
2. प्रारूप रिपोर्ट की प्रति प्रभावित गांवों में समुचित स्थान पर प्रदर्शित की जावेगी। तत्पश्चात प्रभावित गांवों में पर्याप्त प्रचार प्रसार के उपरान्त जन सुनवाई की जावेगी, जिसकी कार्यवाही विवरण समुचित रूप से रिकॉर्ड किया जावेगा।
3. जन सुनवाई के दौरान आये सुझाओं/आपत्तियों के समुचित समाधान को शामिल कर सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं सामाजिक समाधात प्रबंध योजना रिपोर्ट तैयार की जायेगी।
4. सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया प्रभावित गांवों में सम्बन्धित ग्राम पंचायत / नगरपालिका के परामर्श से की जावेगी।
5. सार्वजनिक निर्माण विभाग माध्यम के तहत विकसित किये जाने वाली परियोजनाओं हेतु अधिनियम की धारा 2(2) (a) (ii) के प्रावधानानुसार प्रभावित परिवारों की सहमति आवश्यक होगी।
6. सामाजिक समाधात मूल्यांकन के दौरान किसी भी प्रकार के बल प्रयोग या धमकी का प्रयत्न इस कवायद को अकृत और शून्य बना देगा।
7. सामाजिक समाघात निर्धारण प्रक्रिया को इस अधिसूचना की तिथि से अधिकतम 6 माह की अवधि से पूर्ण / सम्पूर्ण कराया जाना आवश्यक है।

**संपर्क सूत्रः- सामाजिक समाघात निर्धारण इकाई**
**अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड तारानगर (राजस्थान) फोन नं. 9166762119 सामाजिक समाघात निर्धारण एजेन्सी सामाजिक आर्थिक विकास समिति अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड तारानगर (राजस्थान) फोन नं. 9166762119**

आर.के. लूथरा,
संयुक्त सचिव (पथ),
सार्वजनिक निर्माण विभाग, राज. जयपुर

DIPR/C/2995/2026


# जल शक्ति पोर्टल पर गलत तरीके से लाभार्थियों को पेयजल कनेक्शन करना दर्शाया, उपखण्ड अधिकारी से जांच की मांग

**नोहर**, (निसं)। गांव सोती बड़ी के जागरूक नागरिको ने मंगलवार को उपखंड अधिकारी आईएएस राहुल श्रीवास्तव को ज्ञापन सोपंकर जलदाय विभाग पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर पूरे प्रकरण की जांच करवाकर भ्रष्टाचार की पोल खोलने की मांग की है।

ग्रामीणों ने ज्ञापन मे बताया है की सोती बडी के ग्रामीण गत 2 वर्षों से पैयजल संकट से जुझ रहे है। जलदाय विभाग की ओर से आधा अधूरा कार्य करके ई जल शक्ति पोर्टल पर लाभार्थियों को पेयजल कनेक्शन करना दर्शाया गया। पेयजल कनेक्शन के आधार पर ग्राम वासियों द्वारा लगातार वास्तविकता में धरातल पर पेयजल कनेक्शन उपलब्ध करवाने की मांग विभाग के समक्ष बार-बार की जा रही है । जल जीवन मिशन के तहत एजेंसी ने विभागीय अधिकारियों से मिली भगत कर जमकर भ्रष्टाचार किया न तो गांव की गलियों में पाइप लाइन डाली गई और न हीं घरों में पानी का कनेक्शन हुआ। इसके उपरांत पूरे गांव को जल जीवन मिशन के तहत लाभान्वित दिखाकर ठेकेदार ने करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार कर विभागीय अधिकारियों को मलाई खिलाकर जमकर जनता के टैक्स के पैसे की लूट कसौट की है। समय-समय पर जलदाय विभाग के अधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत करवाते रहे लेकिन विभागीय अधिकारी आम जनता की कोई सुनवाई नहीं करते हैं वह आमजन की लगातार अपेक्षा कर रहे हैं। गांव की गलियों में पिछले 10 माह से पाइपलाइन खुले में धूल फांक रही है। लगातार दूषित पेयजल की सप्लाई की जा रही है। 23 एनटीआर से सोती बड़ी के उच्च जलाशय की ओर जब मुख्य पाइपलाइन डाली गई तो मुख्य पक्की सड़क को क्षितग्रस्त कर दिया जिसको आज 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी दुरुस्त नहीं किया गया है। उच्च जलाशय के निर्माण में भी तय मानकों का ध्यान नहीं रखा गया है जिससे निकट भविष्य में कोई बडी हानि हो सकती है क्योंकि पास में ही गांव का सरकारी स्कूल है। सहायक अभियंता नोहर द्वारा इस स्कीम 23-25 एनटीआर 20005594 हर घर प्रमाण पत्र भी जारी किया। प्रतिनिधि मंडल में बेगराज खोथ, विक्रम महायच, दीवान सिंह बेनीवाल, रामप्रताप पलथानिया, नंदलाल कुलडिया, रमेश खाती, आईदान बेनीवाल, गोविंद सिंह राजपूत ,इंद्राज सिहाग आदि अनेक नागरिक शामिल थे।



अपनी बैंकिंग सुरक्षित रखिए
हमारे कस्टमर केयर नंबर
1800 1080
पर संपर्क करें
अपडेटेड फोन नंबर्स के लिए हमेशा हमारी वेबसाइट देखें
www.icici.bank.in
ICICI Bank


# नुक्कड़ नाटक से साक्षरता का संदेश दिया

**पाटन** (निसं)। कस्बे में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत वातावरण निर्माण एवं प्रचार-प्रसार अभियान के अंतर्गत सोमवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धांधेला में साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवर लाल डुकिया के निर्देशन में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में कठपुतली, कला एवं नुक्कड नाटक के माध्यम से 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर व्यक्तियों को बुनियादी साक्षरता, चुनावी साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, क्रिटिकल जीवन कौशल तथा मातृ-शिशु देखभाल संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

कलाकारों ने संदेश दिया कि साक्षरता केवल पढ़ना-लिखना ही नहीं, बल्कि जागरूक और सशक्त नागरिक बनने की पहली सीढ़ी है। ब्लॉक समन्वयक साक्षरता शिम्भु दयाल स्वामी ने बताया कि साक्षरता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, धूम्रपान के दुष्प्रभाव, जल संरक्षण जैसे समसामयिक विषयों को भी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभावी ढंग से उठाया गया।



भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय
हस्तशिल्प पुरस्कार 2025

विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय असाधारण सिद्धहस्तशिल्पियों को उनके शिल्प की प्रगति एवं विकास की ओर उनके पहचान देने के लिए, हस्तशिल्प क्षेत्र मे सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान करता है। वर्ष 2025 के हस्तशिल्प पुरस्कारों के लिए पात्र शिल्पियों से निम्नलिखित श्रेणियों के अनुसार आवेदन ऑनलाइन/ऑफलाइन आमंत्रित किए जाते हैं।

| पुरस्कार का नाम | श्रेणी | | पुरस्कारों कीसंख्या |
|---|---|---|---|
| शिल्प गुरु पुरस्कार | शिल्प श्रेणी | | 05 |
| | महिलाओं के लिए | | 01 |
| | कुल | | 06 |
| राष्ट्रीय पुरस्कार | | | |
| 1 | शिल्प श्रेणी | धातु पात्र | 01 |
| | | लकड़ी का कार्य | 01 |
| | | बेंत और बांस तथा वन-आधारित उत्पाद | 01 |
| | | पत्थर के पात्र | 01 |
| | | कुंभकारी, सेरेमिक और टेराकोटा | 01 |
| | | चित्रकारी | 01 |
| | | आभूषण और अर्द्ध-कीमती पत्थर | 01 |
| | | पेपर मशीन शिल्प और पेपर शिल्प | 01 |
| | | कलात्मक वस्त्र | 01 |
| | | हस्तनिर्मित कालीन/गलीचे/दरियाँ | 01 |
| | | खिलौने और गुड़िया, कठपुतली खेल, और पतंगे | 01 |
| | | विविध शिल्प | 01 |
| | | महिला कारीगर | 01 |
| | | 30 वर्ष से कम के युवा कारीगर | 01 |
| | | दिव्यांग कारीगर | 01 |
| | | लुप्तप्राय शिल्प | 01 |
| | | जनजातीय कारीगर | 01 |
| 2 | डिजाइन नवीनता | | 01 |
| 3 | स्टार्ट-अप उद्यम/उत्पादक कंपनी | | 01 |
| | कुल | | 19 |

2. ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए कृपया https://indian.handicrafts.gov.in पर लॉग इन करें। पात्रता मानदंड, आयु, अनुभव, आवेदन पत्र आदि के बारे में अधिक जानकारी के लिए, पुरस्कार संबंधी विस्तृत दिशानिर्देश विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय की वेबसाइट (www.handicrafts.nic.in) से विज्ञापन पर क्लिक करके डाउनलोड किए जा सकते हैं। किसी भी जानकारी/सहायता के लिए, आवेदक निकटतम हस्तशिल्प सेवा केंद्र (एचएससी) से संपर्क कर सकते हैं।
3. विधिवत भरा हुआ ऑनलाइन आवेदन पत्र, आवश्यक दस्तावेजों और पुरस्कार प्रविष्टि के साथ, निकटतम हस्तशिल्प सेवा केंद्र में 31.03.2026 तक जमा किया जाना चाहिए।

CBC 41103/11/0012/2526


# सम्मान समारोह आयोजित

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के सुखवासी गाँव की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें में भामाशाहों ने विद्यालय को इन्वर्टर, सीसीटीवी कैमरे, वाटर कूलर, चार पंखे, कंप्यूटर सेट, प्रिंटर व वाई-फाई हेतु 51 हजार रुपये की नगद राशि देकर सहयोग किया।

इसी क्रम में नोरंगराम रुलानिया ने विद्यालय भवन का रंग-रोगन करवाया। विद्यालय परिवार सहित ग्रामीणों ने सभी भामाशाहों का साफा, शॉल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

# हिंदू सम्मेलन आयोजित

**राजलदेसर** (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में पूरे देश भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहे हैं इसी के तहत राजलदेसर में माधव बस्ती का विराट हिंदू सम्मेलन हुआ भोला बाबा बगीची में जिसमें मुख्य अतिथि दंडी स्वामी शिवेंद्र आश्रम महाराज,, संत नंदिनाथ महाराज, संत मनोहर दास महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डॉक्टर बनवारी लाल शर्मा सरदारशहर मंचासिन अतिथि थे। कार्यक्रम में दंडी स्वामी शिवेंद्राश्रमप महाराज ने कहा कि वर्तमान में संयुक्त परिवार का रहना बहुत जरूरी है साथ ही परिवार के अंदर दुख सुख में हमेशा भागीदारी निभानी चाहिए इसके अलावा अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डॉक्टर बनवारी लाल शर्मा सरदारशहर ने कहा जीवन के अंदर पांच प्राण का पालन करना वर्तमान में अति आवश्यकता है जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार, सरकार के नियमों का पालन, पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड पौधे लगाना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।